मीरजापुर पुलिस

प्रेस नोट

दिनांकः 04.08.2022

24 घण्टे के अन्दर मीरजापुर पुलिस द्वारा एक व्यक्ति की चोर समझ कर मारपीट करना व अस्पताल में मृत्यु हो जाने के मामले में 11 अभियुक्त गिरफ्तार—

थाना विन्ध्याचल, जनपद मीरजापुर पर दिनांक 03.08.2022 को वादी दीनदयाल दूबे पुत्र स्व0 नागेन्द्र नाथ दूबे निवासी तिलंगा थाना गोपीगंज जनपद भदोही द्वारा लिखित तहरीर दी गई कि वादी के छोटे भाई विष्णु कुमार की विपक्षीगण सौरभ सिंह पुत्र रामअवतारव अन्य के द्वारा मारपीट की गई जिसकी बाद में मृत्यु हो गई। जिसके सम्बन्ध में थाना विन्ध्याचल पर मु0अ0सं0-138/2022 धारा 302 भादवि पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई।

पुलिस अधीक्षक मीरजापुर 'संतोष कुमार मिश्रा' द्वारा उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए अपर पुलिस अधीक्षक नगर के नेतृत्व में टीम गठित कर घटना की विधिक एवं निष्पक्ष विवेचना तथा अभियुक्तों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए गये। उक्त निर्देश के क्रम में गठित टीम द्वारा साक्ष्य संकलित करते हुए थाना विन्ध्याचल क्षेत्र से नामजद/प्रकाश में आये कुल 11 नफर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तगण—

1. सौरभ सिंह पुत्र रामअवतार सिंह नि0 सहदोदाड़ थाना गोलाबाजार जनपद गोरखपुर हाल पता पेटी कंट्रेक्टर बाबा कंस्टक्शन गैपुरा थाना विन्ध्याचल मीरजापुर उम्र करीब 32 वर्ष
2. राकेश कुमार मौर्या पुत्र प्रेमनाथ निवासी कोटास थाना पन्नूगंज जनपद सोनभद्र हाल पता साईट इंजीनियर बाबा कंस्टक्शन गैपुरा थाना विन्ध्याचल मीरजापुर उम्र करीब 25 वर्ष
3. जितेन्द्र पुत्र सत्यपाल नि0 बहाउद्दीनपुर थाना विसारगंज जनपद बरेली , उम्र करीब 21 वर्ष
4. संजीव पुत्र सत्यपाल नि0 बहाउद्दीनपुर थाना विसारगंज जनपद बरेली , उम्र करीब 24 वर्ष
5. राजू मौर्या पुत्र बुद्धसेन मौर्या निवासी गुरबा थाना सिरौली जनपद बरेली , उम्र करीब 26 वर्ष
6. अनुज मौर्या पुत्र लालचन्द निवासी गुरगा थाना सिरौली जनपद बरेली , उम्र करीब 20 वर्ष
7. विरेन्द्र मौर्या पुत्र धनीराम निवासी गुरबा थाना सिरौली जनपद बरेली , उम्र करीब 25 वर्ष
8. विकास मौर्या पुत्र सुन्दरलाल निवासी गुरबा थाना सिरौली जनपद बरेली , उम्र करीब 21 वर्ष
9. आकाश मौर्या पुत्र श्रीराम निवासी निवासी गुरबा थाना सिरौली जनपद बरेली , उम्र करीब 20 वर्ष
10. अमरेश बिन्द पुत्र रामाश्रय निवासी डड़वा पकसेड़ा थाना विन्ध्याचल मीरजापुर , उम्र करीब 24 वर्ष
11. चन्द्रशेखर बिन्द पुत्र शिवकुमार बिन्द निवासी डड़वा पकसेड़ा थाना विन्ध्याचल मीरजापुर , उम्र करीब 19 वर्ष

पूछताछ विवरण—

पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तो ने बताया कि गांव डड़वा पकसेड़ा में एक पानी की टंकी का निर्माण किया जा रहा था जहां पर बाहर के मजदूर आकर काम कर रहे थे जहां मजदूर रह रहे थे वहां पर मोबाइल/पैसे चोरी की घटनाएं हुई थी।अभियुक्तो ने बताया कि दिनांक 03.08.2022 को सुबह करीब 04.00 बजे एक व्यक्ति चोरी करते हुए मजदूर के कमरे मे पकड़ा गया, पकड़े गए युवक के साथ में अभियुक्तो ने मारपीट की जिसमें गांव के लोग भी शामिल थे। जिससे व्यक्ति घायल हो गया। अभियुक्तों ने सुबह 112 पर फोन किया , जिसके उपरान्त घायल व्यक्ति को इलाज हेतु सीएचसी सरोई ले जाया गया, जिसे चिकित्सको द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। मृतक की पहचान विष्णु कुमार पुत्र स्व0स्व0 नागेन्द्र नाथ दूबे निवासी तिलंगा थाना गोपीगंज जनपद भदोही के रूप में की गई।

विवरण बरामदगी—

घटना में प्रयुक्त बांस का खूनालूद डण्डा।

गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम—

प्रभारी निरीक्षक विन्ध्याचल विनीत राय मय टीम।

मीरजापुर पुलिस